**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 4080**
**गुरुवार, 19 दिसंबर, 2024/28 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

# एअर इंडिया की संपत्तयिों का हस्तांतरण

**4080. डॉ. थोल तिरूमावलवन:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केवल एअर इंडिया के विमानों अथवा संपूर्ण एअर इंडिया को ही इसकी सभी चल और अचल संपत्तयिों समेत निजी कंपनियों को सौंप दिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या एअर इंडिया की कोई सहायक कंपनी अभी भी सरकार के पास है अथवा एअर इंडिया सहित इसकी सभी सहायक कंपनियों को निजी कंपनियों को सौंप दिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) और (ख) एअर इंडिया में भारत सरकार की 100% हिस्सेदारी के साथ-साथ एअर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड में 100% हिस्सेदारी और एअर इंडिया एसएटीएस में 50% हिस्सेदारी का रणनीतिक विनिवेश दिनांक 27.01.2022 को संपन्न हुआ। एआई एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड (एआईएएचएल) को एअर इंडिया की शेष चार सहायक कंपनियों को संभालने के लिए एक विशेष प्रयोजन वाहन के रूप में बनाया गया था, जो अभी भी भारत सरकार के पास हैं, अर्थात् एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड, एआई इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड, एआई एयरपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड और होटल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ-साथ एअर इंडिया लिमिटेड की अन्य गैर-प्रमुख संपत्तियां, पेंटिंग और कलाकृतियां और अन्य गैर-परिचालन संपत्तियां।
एअर इंडिया लिमिटेड के सरकार द्वारा अनुमोदित विनिवेश पर क्रमशः 7604.00 करोड़ रुपए और 127.00 करोड़ रुपए मूल्य की अचल संपत्तियां और चल संपत्तियां एआईएएचएल के लेखा पुस्तकों में हस्तांतरित कर दी गई हैं।

*****